(4) The Planning Commission should prepare a paper bringing out various bottlenecks and suggesting measures for optimising industrial growth in both public and private sectors and ensuring continuous watch on the progress made so that corrective action can be taken in time.

(5) The Ministries should be requested (i) to consider controls under their jurisdiction which are superfluous or which can be simplified; (ii) to withdraw controls wherever possible and (iii) to simplify as much as possible the controls whose retention is found necessary.

दिल्ली के दैनिक उर्दू समाचार पत्र में सम्पादकीय लेख

1624. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली के एक दैनिक उर्दू समाचार पत्र ने 2 अक्तूबर, 1965 के अपने सम्पादकीय लेख में लिखा है कि हम पाकिस्तान को काश्मीर देने की अपेक्षा लद्दाख का कुछ भाग चीन को देना बेहतर समझेंगे; और

(ख) यदि हां, तो इस प्रकार के राष्ट्र विरोधी लेखों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी, हां ।

(ख) कुल मिला कर पढ़े जाने पर उक्त सम्पादकीय को ऐसा नहीं पाया गया कि उस पर कानूनी कार्यवाही की जा सके ।

इन्दौर में बिना लाइसेंस बन्दूक (गन) कारखाना

1625. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इन्दौर (मध्य प्रदेश) में हाल ही में बिना लाइसेंस एक बन्दूक (गन) तथा कारतूस कारखाने का पता लगाया गया है;

(ख) क्या यह भी सच है कि उक्त कारखाने को समाज-विरोधी गतिविधियों के केन्द्र के रूप में काम में लाया जाता था; और

(ग) यदि हां, तो सम्बन्धित व्यक्तियों के विरुद्ध सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता ।

एक तिब्बती विद्यार्थी की हत्या

1626. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 7 अक्तूबर, 1965 को दिल्ली में एक तिब्बती विद्यार्थी की हत्या कर दी गई थी; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में अब तक क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) जी, हां ।

(ख) वह व्यक्ति, जिस पर उस विद्यार्थी को छुरा भोंकने का आरोप था, उसी दिन शाम को गिरफ्तार कर लिया गया । मामले की जांच की जा रही है ।